**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 14 मई 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में जेवर हवाई अड्डे के पास एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने की स्वीकृति दी।
- अम्बाला में ऑपरेशन सिन्दूर तिरंगा यात्रा निकली गई ।
- कुरुक्षेत्र विशवविद्यालय में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता को लेकर विजय रैली निकली गई। सभी ने राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करने का संकलप लिया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कक्षा 12वीं के अव्वल रहे छात्रों के उजजवल भविष्य की कामना की।
- हरियाणा महिला आयोग द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिपण्णी मामले में तलब किये गए प्रोफेसर अली खां आयोग के समक्ष पेश नहीं हुए।
- हरियाणा पुलिस ने पानीपत में पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

  ******************************************************************************

केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में जेवर हवाई अड्डे के पास एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने की स्वीकृति दे दी है। नई दिल्ली में आज सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत एचसीएल और फॉक्सकॉन संयुक्त रूप से यह इकाई स्थापित करेंगे।उन्होंने कहा कि संयंत्र को प्रति माह 20 हजार वेफर्स के लिए डिजाइन किया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि इसकी डिजाइन आउटपुट क्षमता 36 मिलियन यूनिट प्रति माह है। उन्होंने कहा कि जेवर में नई सेमीकंडक्टर इकाई में 39 अरब रुपये का निवेश किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि पांच सेमीकंडक्टर इकाइयों का पहले से ही निर्माण जारी है। उन्होंने कहा कि इस छठी सेमीकंडक्टर इकाई के साथ, भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। ऑपरेशन सिन्दूर पर श्री वैष्णव ने कहा

**********************************************************************************

अंबाला में आज ऑपरेशन सिन्दूर तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा और पूर्व मंत्री असीम गोयल सहित कई लोगों ने हिस्सा लिया। यात्रा शहर के जगाधरी गेट से शुरू हुई और समापन शौर्य चौंक पर हुआ। जहाँ सांसद रेखा शर्मा और सभी लोगों ने शौर्य चक्र को नमन किया। इस अवसर पर सांसद रेखा शर्मा ने कहा इस मौके पर मौजूद हरियाणा के पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पस्त कर एक बार फिर पाकिस्तान को सबक सिखाया है।

*******************************************************************************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पाकिस्तान से संघर्ष में जीत को लेकर आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में "जो वार करेगा वह सौ-सौ बार मरेगा" के नारे के साथ विजय रैली निकाली गई कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विजय रैली को झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा- कुलपति ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करता है।मीडिया से बातचीत में प्रोफेसर

सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश के मुताबिक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में भी वालंटियर तैयार किए जाएंगे ताकि कहीं पर भी ऑपरेशन सिंदूर जैसे हालत में वह सेवा के लिए तैयार रहें।

**************************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

**************************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा में अव्वल रहे छात्र और छात्रों से फोन पर बातचीत कर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये होनहार विद्यार्थी पूरे हरियाणा के लिए गौरव का विषय हैं। मुख्यमंत्री ने कॉमर्स संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कैथल जिले के अर्पणदीप सिंह, आर्ट्स संकाय में अव्वल रहने वाली जींद की सरोज और विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान हासिल करने वाले  भिवानी के नमन से व्यक्तिगत रूप से बात की। उन्होंने तीनों विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ये सफलता उनके आत्मविश्वास, परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग दे रही है और आगे भी देती रहेगी।उन्होंने कहा कि  जो विद्यार्थी आज उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, वे कल समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाएँगे।नायब सिंह सैनी ने विद्यार्थियों के माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई दी और  कहा कि बच्चों की इस सफलता में उनका समर्पण और प्रोत्साहन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इसी तरह कड़ी मेहनत करना जारी रखें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

**************************************************************************************

हरियाणा महिला आयोग द्वारा, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर टिप्पणी करने वाले सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान को नोटिस जारी किए जाने के बावजूद वह आज आयोग के समक्ष पेश नहीं हुआ। हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा - उन्होंने कहा कि प्रोफेसर अली खान को कर्नल सोफिया ने बहुत सुंदर जवाब दिया है ,उसको लेकर उन्हें सलाम करती है। कर्नल सोफिया ने कहा कि - हां मैं मुस्लिम हूं, परंतु मैं आतंकवादी नहीं हूं, मैं देशद्रोही नहीं हूं, हां मैं मुस्लिम हूं पर जब जरूरत पड़ेगी मैं उन आतंकवादियों का खात्मा भी करूंगी। श्रीमती रेनू भाटिया ने कहा -

उन्होंने कहा कि आयोग प्रोफेसर अली खान के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेगा।

*********************************************************************************

हरियाणा पुलिस ने पानीपत में पाकिस्तानी के लिए  जासूसी कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 28 वर्षीय नौमान इलाही के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के शामली जिले के कैराना कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा का निवासी है।पानीपत के पुलिस अधीक्षक की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे करनाल के पुलिस अधीक्षक श्री गंगाराम ने मीडिया को बताया –पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला कि वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ISI के इशारे पर काम कर रहा था। नौमान पाकिस्तान में मौजूद एक संदिग्ध आतंकी इकबाल के संपर्क में था और वह वॉट्सऐप व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारत की संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान भेज रहा था।